Department of Education
GOVERNMENT OF WESTERN AUSTRALIA

CATHOLIC EDUCATION WESTERN AUSTRALIA

AISWA
Association of Independent Schools of Western Australia

प्रिय माता-पिता और देखभालकर्ताओं

महामारी की पूरी अवधि के दौरान पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लोगों, कैथोलिक और स्वतंत्र स्कूलों ने हमारे विद्यार्थियों, कर्मचारियों और समुदाय को सुरक्षित रखने में सहायता के लिए हमारे स्कूलों में COVID-सुरक्षित दिशा-निर्देश लागू करने में साथ-मिलकर काम किया है।

चूंकि पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में कोविड-19 संक्रमण बढ़ रहे हैं और नए सब-वेरिएंट उन लोगों को फिर से संक्रमित कर रहे हैं जिन्हें पहले कोविड-19 हो चुका है, इसलिए हम आपके समर्थन के लिए आग्रह रहे हैं ताकि हम अपने स्कूलों को खुला रखना और विद्यार्थियों के शिक्षण में होने वाले व्यवधान को कम से कम करना सुनिश्चित कर सकें।

यह महत्वपूर्ण है कि हम खुद को और अपने स्कूली समुदाय को सुरक्षित रखना लगातार रूप से जारी रखें।

राष्ट्रीय स्तर पर एक सुसंगत दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में राष्ट्रीय मंत्रिमंडल द्वारा समर्थित दिशा-निर्देशों के अनुसार घर के अंदर मास्क पहनने को पुरजोर प्रोत्साहित किया जाता है और हम अपनी तीन स्कूली प्रणालियों में इसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं। हम यह आग्रह करते हैं कि आपका बच्चा/आपकी बच्ची हमारे स्कूलों को यथासंभव सुरक्षित रखने के लिए स्कूल में मास्क पहने। कर्मचारियों को भी स्कूल में उपस्थित रहते समय मास्क पहनने के लिए पुरजोर प्रोत्साहित किया गया है।

हम इस बात के लिए आपके समर्थन का आग्रह करते हैं कि आप कृपया अपने बच्चे/अपनी बच्ची को स्कूलों और समुदाय में फैलाव के जोखिम को कम करने के लिए मास्क पहनने का महत्व समझाएं।

आप इस प्रकार से अपने स्कूली समुदाय को कोविड-19 सुरक्षित रहने में सहायता दे सकते/सकती हैं:

- स्कूल में उपस्थित होने के दौरान अंदरूनी स्थानों पर मास्क पहनना
- यह सुनिश्चित करना कि आपका परिवार कोविड-19 और फ्लू के टीकों के साथ अप-टु-डेट रहे
- यदि आपके बच्चे/आपकी बच्ची के शरीर में लक्षण हैं या वह एक घरेलू निकट संपर्क रहा/रही है, तो उसका परीक्षण करवाना
- यदि आपका बच्चा/आपकी बच्ची बीमार है, तो उसे घर पर ही रखना
- हाथों की अच्छी स्वच्छता बनाए रखना।

आमने-सामने शिक्षण को समर्थित करने और विद्यार्थियों की स्कूली शिक्षा में व्यवधान को कम से कम करने के लिए डब्ल्यूए सरकार फिर से प्रत्येक विद्यार्थी को 20 नि:शुल्क रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) उपलब्ध कराएगी। आपका स्कूल आने वाले सप्ताहों में इस बारे में आपको और अधिक जानकारी प्रदान करने में सक्षम होगा कि जब उन्हें अपना आवंटन प्राप्त हो जाता है, तो आप इन्हें कैसे ले सकते/सकती हैं।

हमारे समुदाय के अधिक संवेदनशील सदस्यों को सुरक्षित रखने की दिशा में कोविड-19 के लिए जाँच कराना एक महत्वपूर्ण कदम बना हुआ है। यदि आपका बच्चा/आपकी बच्ची एक निकट संपर्क है और उसके शरीर में लक्षण नहीं हैं, तो उन्हें परीक्षण और एकांतवास नियमों के अनुसार एकांतवास छोड़कर

स्कूल आने के लिए प्रतिदिन नकारात्मक आरएटी प्राप्त करने, और अपने घर के बाहर होने पर मास्क पहनना आवश्यक होगा (सामान्य अपवाद लागू हैं)। जिन निकट संपर्कों के शरीर में लक्षण हैं, उन्हें स्कूल नहीं आना चाहिए।

परीक्षण और एकांतवास आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी के लिए HealthyWA वेबसाइट पर जाएँ।

पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में सभी स्कूलों को कोविड-19 सुरक्षित रखने के उद्देश्य से साथ-मिलकर काम करने के आपके निरंतर प्रयासों के लिए धन्यवाद।

सादर

Jim Bell

Acting Director General
Department of Education

Dr Debra Sayce

Executive Director
Catholic Education
Western Australia

Valerie Gould

Executive Director
Association of Independent Schools
Western Australia

**20 जुलाई 2022**